अमर उजाला 01/04/2023

# भाषण स्पर्धा में सुनिधि और काजल को प्रथम पुरस्कार

## विद्यार्थियों ने घोटाले, बेरोजगारी, महंगाई पर छात्रों ने रखे विचार

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के योजना मंच ने प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता और डॉ. सीमा कंसल के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन सेमिनार हॉल में किया। भाषण प्रतियोगिता के विषय वित्तीय घोटाला, बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती हुई महंगाई, बजट 2023 आदि पर विद्यार्थियों ने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रथम पुरस्कार सुनिधि और काजल, द्वितीय पुरस्कार रितिका और सिमरनजीत कौर व तृतीय पुरस्कार खुशी और रिचु को दिया गया।

विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुरेंद्र कुंडू, डॉ. रवनीत कौर और डॉ. रितु गुप्ता ने निभाई। मंच संचालन मास कम्युनिकेशन विभाग की प्रो. सोनम ने किया। प्राचार्य ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करने में सहायक सिद्ध होती हैं। विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।



जीएमएन कॉलेज में आयोजित भाषण प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं और अन्य। संवाद